# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025



GRAND OPENING

Friday, 23rd May 2025

10:00 am onwards



मा. श्री विष्णुदेव साय जी

मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

ITSA HOSPITALS

HEALTHCARE.
HOSPITALITY.
HARMONY.

Near Ambuja City Centre Mall,
Saddu, Raipur C.G. 492014

+917880110000, +917880120000

www.itsahospitals.com

## शिक्षक था फरार, इधर दे दी गई ज्वाइनिंग, अब पॉक्सो एक्ट में हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के साथ मारपीट व बेड टच के मामले में पास्को एक्ट के फरार शिक्षक जमानत के लिए कोर्ट जा रहा था। इस शिक्षक को तखतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सबसे खात बात है कि इसी शिक्षक को इसी मामले में निलंबित किया गया था। शिक्षा विभाग ने खास मेहरबानी दिखाते हुए 15 मई को बहाल भी कर दिया था। इसकी जानकारी सामने आने के बाद जिला पुलिस सक्रिय हुई और कार्रवाई की गई। इससे पहले कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी को तलब किया और बहाली करने के मामले में जवाब मांगा। कलेक्टर के चेंबर में एसएसपी रजनेश सिंह भी मौजूद थे। डीईओ ने अपना स्पष्टीकरण दिया। इसके बाद तय किया गया कि शिक्षक को गिरफ्तार किया जाएगा। ध्यान रहे कि तखतपुर विकासखंड के प्राथमिक शाला खुड़ियाडीह में पदस्थ शिक्षक अशोक कुर्रे के खिलाफ स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्राओं ने मारपीट और गाली गलौज सहित बेड टच की शिकायत की थी। छात्राओं की शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाद हुए जांच में इन आरोपों की पुष्टि भी हो गई। 27 फरवरी 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर के निर्देश के बाद तखतपुर बीईओ ने इस मामले की सूचना अप्रैल अंतिम में तखतपुर पुलिस को दी। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट और छात्रा के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कर लिया।

### पीड़ित पक्ष की आपत्ति मंत्रालय तक पहुंची बात

पीड़ित पक्ष के मुताबिक जब तक न्यायिक प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, ऐसे मामलों में लिप्त शिक्षकों को बहाल करना छात्र सुरक्षा के लिहाज से अनुचित है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय स्तर का बात पहुंची तो कलेक्टर संजय अग्रवाल ने डीईओ को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। डीईओ से पूरी जानकारी ली। इसके बाद शिक्षक की गिरफ्तारी तय की गई।

### ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत

भिलाई। भिलाई तीन थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। हादसे में एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक खेरधा निवासी रुपेन्द्र घृतलहरे 23 वर्ष बताया गया है। वह अपनी बाइक सीजी 07 एलबी 3404 से रिश्तेदार के पास जा रहा था। बाइक में बालक निहाल घृतलहरे भी बैठा हुआ था।

## खबर संक्षेप

### दो अलग-अलग क्षेत्रों से 7 नक्सली गिरफ्तार

**कोंटा।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में रहे 7 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत 6 एवं थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत 1 नक्सलियों को विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया गया है । थाना जगरगुण्डा से गिरफ्तार नक्सली पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट कर विस्फोट करना एवं थाना चिंतागुफा से गिरफ्तार नक्सली आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल थे। थाना चिंतागुफा से गिरफ्तार नक्सली पर 2 लाख रूपये का ईनाम घोषित था। थाना जगरगुण्डा पुलिस बल, थाना चिंतागुफा, डीआरजी एवं 165 व सेकेंड बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में सफलता मिली। आरोपी के विरूद्ध थाना चिंतागुफा में अपराध क्रमांक 6/2025 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए 21 मई को गिरफ्तार कर आज न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश किया गया।

### दोकड़ा में भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए सीएम

## पीएम आवास योजना के हितग्राही को मुख्यमंत्री ने कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी पत्नी कौशल्या साय ने बुधवार को कांसाबेल विकासखंड के ग्राम दोकड़ा के प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार पश्चात प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने दोकड़ा में 24 लाख 74 हजार की लागत से बनने वाले महतारी सदन का भूमि पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने श्री साय दोकड़ा के श्री जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्यों धन्यवाद देते हुए उनके कार्यों की सराहना की ग्रामवासी धर्म कर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। दोकड़ा में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 1942 से निकाली जा रही है। रथ यात्रा की शुरुआत दोकड़ा गांव के पंडित स्व. सुदर्शन सतपथी और उनकी धर्मपत्नी सुशीला सतपथी द्वारा शुरू किया गया था। मंदिर का निर्माण 1968 में किया गया था। मंदिर के जर्जर होने के कारण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने संकल्प लिया था कि मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर को नए बनाएंगे। मुख्यमंत्री का संकल्प पूरा हुआ। उन्होंने ग्रामवासियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया ।



### 25 को मंदिर में प्रवेश करेंगे भगवान

25 मई को श्री जगन्नाथ स्वामी जी,बलभद्र जी, सुभद्रा जी का मंदिर प्रवेश एवं संध्या भव्य कलश यात्रा अधिवास होगा। 27 मई को प्रातः 8 बजे पूर्णाहूति, दधीभंजन एवं नगर भ्रमण जिसमें ओडिशा के कीर्तन मंडली द्वारा ओड़िसा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात महाप्रसाद वितरण एवं समापन होगा।

### हितग्राही ने कहा- चिंता से मिली मुक्ति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को कांसाबेल विकासखंड के ग्राम दोकड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत हितग्राही संतु चक्रेश को उनके नए आवास की चाबी देकर गृह प्रवेश कराया गया और योजना के संबंध में जानकारी ली। संतु चक्रेश ने मुख्यमंत्री को बताया कि पहले कच्चा मकान होने के कारण बरसात और गर्मी के मौसम में बहुत परेशानी जाता था। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें चिंता से मुक्ति मिल गई। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रही है।


## मेडिकल पैरामेडिकल/नर्सिंग/ फार्मेसी एवं डी.एल.एड. बी.एड./इंजीनियरिंग

देश के विभिन्न शासकीय विश्वविद्यालयों में मान्यता प्राप्त संस्थानों में नि:शुल्क पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित सत्र-2025-26 (SSGE/0769)

निम्न तालिका अनुसार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से निम्नांकित पाठ्यक्रमों के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है, समस्त पाठ्यक्रम भारत सरकार के सी.एस.आर निधि द्वारा चयनित उम्मीदवार को देश के विभिन्न संस्थानों में पूर्णतय: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जावेगी।

**विभिन्न पाठ्यक्रम समयावधि एवं सीटें**

| क्र. | पाठ्यक्रम | समयावधि | न्यूनतम योग्यता | कुल सीटें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डी.एम.एल.टी. मेडिकल लैब टैक | 2 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 500 |
| 2 | बी.एम.एल.टी. मेडिकल लैब | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 3 | डी. फॉर्मा | 6 वर्ष | 12 वीं पास (बायोलॉजी) | 400 |
| 4 | बी. फॉर्मा | 3 वर्ष | 12 वीं पास (बायोलॉजी) | 400 |
| 5 | फॉर्मा डी. | 6 वर्ष | 12 वीं पास (बायोलॉजी) | 300 |
| 6 | डी.ओ.टी.ऑपरेशन थियेटर | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 400 |
| 7 | जी.एन.एम | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 8 | बी.एस.सी. नर्सिंग | 4 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 9 | बी.पी.टी. फिजियोथेरेपी | 4 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 10 | बी.एस.सी. फोरेंसिक साईंस | 3 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 11 | बी.एस.सी. एग्रीकल्चर | 4 वर्ष | 12 वीं पास (विज्ञान) | 300 |
| 12 | बी.टेक | 4 वर्ष | 12 वीं पास (गणित) | 300 |
| 13 | बी.टेक.साइबर सिक्योरिटी | 4 वर्ष | 12 वीं पास (गणित) | 300 |
| 14 | एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग | 4 वर्ष | 12 वीं पास (गणित) | 300 |
| 15 | डी-एड | 2 वर्ष | 12 वीं पास (सभी संकाय) | 300 |
| 16 | बी-एड | 2 वर्ष | स्नातक (सभी संकाय) | 300 |

आवेदन हेतु न्यूनतम प्रतिशत-समस्त पाठ्यक्रमों में आवेदन हेतु उपरोक्त योग्यता में न्यूनतम अनुजाति/जनजाति हेतु 45% एवं ओ.बी.सी./ सामान्य हेतु न्यूनतम 50% आवश्यक है। दिव्यांगजन/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी एवं महिला वर्ग हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट:-आवेदन हेतु निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाईप कर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरें। साथ ही 10×4 का सफेद कोरा लिफाफा में 26 रूपयें का डाक टिकट डालकर आवेदन पत्र के साथ स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर निर्धारित तिथि तक भेजें। आवेदन पत्र पोस्ट द्वारा ही स्वीकार किया जावेगा। चयनित उम्मीदवारों को वाट्सअप, ई-मेल, मेसेज एवं कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जावेगा।

**आवेदन डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि-05.06.2025**

**कार्यालय का पता - छ.ग. वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, शिवाजी मार्ग, टिकरापारा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001**
**हेल्पलाईन नं. - 6232455151, 8839189302**

**आवेदन पत्र का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
छ.ग. वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
बिलासपुर (छ.ग.)

महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदन का नाम ..................................2. पिता/पति ..................................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................4. वर्ग ..................................
5. पत्र व्यवहार का पता ग्राम ......................पो.........................तहसील. ..............................
थाना. ...................जिला .....................पिन कोड ..................................
6. मोबाईल नं. .........वाट्सअप नं.........................पालक नं. ..................................
7. ई. मेल ..........................................
8. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |



RCP INFRATECH PVT. LTD.

VIP CITY
A City in The City

PLOTS -
1000 Sq.ft (92.2 sq.MT)
1200 Sq.ft (111.5 sq. MT)
50% DISCOUNT ON REGISTRY & PLC

VILLAS -
2 BHK, 3 BHK, 4 BHK
₹5,00,000/-
DIRECT DISCOUNT

SHOPS & OFFICES
STARTS ₹9.99 LACS





Follow us on :
@VIPCITYRPR

CALL-812 000 8290

Member of : CREDAI CHHATTISGARH
RERA REGISTERED PROJECT :
(VIP VILLAS/SHOP) RERA NO. : PCGRERA130223001603
(PRIME- 2) RERA NO. : PCGRERA130422001395
www.rera.cgstate.gov.in

A Project by
RCP Infratech Pvt. Ltd.
Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.),
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in

Scan this QR code to find us Google Maps

फायनेंस उपलब्ध
SBI Central Bank of India kotak HDFC

Follow us on : /vipcityrpr /vipcityrpr

* Terms & Conditions Apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025










बसव पर 10 करोड़ का था ईनाम
सभी 27 नक्सलियों की पहचान
तकरीबन सभी पर ईनाम घोषित था

मुठभेड़ में मारे गए दोनों शहीद जवानों को नारायणपुर में दी गई श्रद्धांजलि

# नक्सलवाद की टूटी कमर, बसव और यासन्ना के साथ नक्सलियों की पूरी 7 नंबर कंपनी खत्म

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में हुए नक्सली मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इन पर 11 करोड़ 73 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। मुठभेड़ में मारे गए सीसीएम महासचिव नंबाला केशवराव उर्फ बसवराजू उर्फ बीआर दादा, उर्फ गगन्ना उर्फ प्रकाश पर छग समेत अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों में 10 करोड़ का ईनाम घोषित था। मुठभेड़ में मारे गए डीकेएसजेडसीएम मेंबर जंगू नवीन उर्फ मधु पर 25 लाख का ईनाम था। इसके अलावा मुठभेड़ में 10 लाख के ईनामी 4 तथा मारे गए 8 लाख के ईनामी नक्सलियों की संख्या 21 है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

सभी नक्सलियों के शव गुरूवार को हेलीकाप्टर से जिला मुख्यालय नारायणपुर लाया गया। इस मुठभेड़ में नक्सलियों की सात नंबर कंपनी का पूरी तरह सफाया हो गया है, जो बसवराजू की सुरक्षा में तैनात थे। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को एक बड़ी कामयाबी प्राप्त की। मुठभेड़ में सीपीआई-माओवादी के शीर्ष नेता और संगठन के महासचिव बासव राजू उर्फ नंबाला केशव राव उर्फ बीआर को मारा गया। नक्सल आंदोलन की रीढ़ माने जाने वाले इस हार्डकोर माओवादी की सुरक्षा में तैनात कंपनी नंबर-सात का भी लगभग पूरी तरह सफाया हो गया। तीन दशक में पहली बार हुआ है, जब सुरक्षा बलों ने किसी पोलित ब्यूरो सदस्य को मार गिराने में ▶▶| शेष पेज 7 पर







## नक्सलियों के समूल नाश करने हमारी फोर्स संकल्पित-डीजीपी

प्रदेश के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में देश के ऐतिहासिक नक्सल ऑपरेशन के रूप में जाना जाएगा। पचास घंटे के ऑपरेशन में देश के सबसे बड़े नक्सल लीडर को मौत के घाट उतार दिया गया है। नक्सलियों के शव नारायणपुर लाने के बाद मिडिया से चर्चा में डीजीपी अरुण सिंह गौतम ने कहा कि नक्सलियों के समूल नाश करने हमारी फोर्स संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डेड लाइन से पहले नक्सलियों का ▶▶| शेष पेज 7 पर



## तुमरेल मुठभेड़ में 1 हार्डकोर माओवादी का शव बरामद



कोबरा का जवान शहीद

बीजापुर। सुकमा एवं बीजापुर सीमावर्ती तुमरेल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति के सूचना पर 21 मई को कोबरा, जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुई थी। इस दौरान गुरूवार को सुबह सुरक्षाबलों एवं माओवादियों के बीच रूक-रुककर मुठभेड़ होती रही। मुठभेड़ स्थल सर्च करने पर 1 हार्डकोर माओवादी का शव हथियार एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुई है। माओवादी के शव की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में 210 वाहिनी कोबरा टीम के 3 जवान घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर उपचार के लिए रायपुर रवाना किया गया। इस दौरान घायल एक जवान कांस्टेबल सोलंकी मेहुल निवासी गुजरात शहीद हो गया। मुठभेड़ स्थल व आस- ▶▶| शेष पेज 7 पर



### शहीद जवानों को दी गई अंतिम सलामी

जाटलूर-कुड़मेल के जंगल पहाड़ी में माओवादियों से लड़ते हुए आत्म बलिदान देने वाले अमर शहीद खोटलू राम एवं रमेश हेमला को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद जवानों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए डीजीपी ने कहा जवान की शहादत हमेशा सम्मान एवं आदर के साथ याद रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि शहीद ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मारे गए नक्सलियों में यह शामिल

माड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में 10 करोड़ का ईनामी वसवराजू के अलावा डीकेएसजेडसीएम मेंबर जंगू नवीन उर्फ मधु पर 25 लाख का ईनाम था। इसके अलावा मुठभेड़ में 10 लाख के ईनामी 4 नक्सली मारे गए, इनमें रोशन उर्फ टीपू उर्फ महेश उर्फ अनित उर्फ चंदर मोड़ियाम, सोनाली उर्फ सजन्तिन उर्फ हिड़मे, संगीता ▶▶| शेष पेज 7 पर

### आत्म समर्पित थे दोनों शहीद जवान



शहीद खोटलू राम का जन्म 1.01.1987 को घोर नक्सल प्रभावित ग्राम भटबेड़ा पंचायत गुदाड़ी थाना ओरछा जिला नारायणपुर में हुआ था। शहीद खोटलू राम नक्सल छद्म एवं क्रूर विचारधारा से तंग आकर एवं शासन के आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 08.09.2023 से पुलिस विभाग में कार्यरत थे। शहीद रमेश हेमला का जन्म 10.10.1982 को नक्सल प्रभावित ग्राम फूलादी थाना मिरतुर जिला बीजापुर में हुआ था। शहीद रमेश हेमला 01.12.2024 से पुलिस विभाग में कार्यरत थे। ▶▶| शेष पेज 7 पर

नक्सलियों ने बस्तर को बंधक बना कर रखा था सरकार की योजनाओं से आ रहा बदलाव- मुख्यमंत्री

*अब तक 424 नक्सली मारे गए, 1355 ने आत्मसमर्पण किया- शर्मा*

# नक्सलियों से वार्ता पर बोले सीएम, हैदराबाद में बैठे लोगों से नहीं हो सकती कोई बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुठभेड़ में जवानों की सफलता पर उनके जज्बे की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर किया है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार बनने के बाद 424 नक्सली मारे गए हैं। मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करना है। नक्सलियों ने बस्तर को बंधक बना कर रखा था। अब बस्तर में सरकार की योजनाओं से बदलाव आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि माओवादियों से बात हो सकती है, लेकिन हैदराबाद में बैठे लोगों से कोई बात नहीं हो सकती। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नक्सलवाद बहुत बड़ा खतरा है। छत्तीसगढ़ लंबे समय से नक्सलवाद से जूझ रहा है। बस्तर के लोग नक्सलवाद की वजह से मूलभूत सुविधा से वंचित थे। डेढ़ साल से जब से सरकार में आए हैं, नक्सलवाद को खत्म करने लगे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार को नक्सल विरोधी अभियान में मिली अब तक की सबसे बड़ी सफलता के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव ▶▶| शेष पेज 7 पर



### 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य

डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, अबूझमाड़ पांच हजार वर्ग किमी में फैला है। 2023 से हमने सुरक्षा विहीन क्षेत्र को कम करने की कोशिश की, 25 कैंप स्थापित किए हैं। अबूझमाड़ का 3200 वर्ग किमी क्षेत्र अब भी सुरक्षा विहीन है। भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक 424 नक्सली मारे गए हैं। 1355 आत्मसमर्पित हुए हैं। 2023 में समर्पण की संख्या ज्यादा है और गिरफ्तारी की कम है। मार्च 2026 तक नक्सलवाद समूल खत्म होने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा, नक्सली बस्तर के आदिवासियों को मारना चाहते हैं, जो कभी होने नहीं दिया जाएगा। नक्सल अभियान में विभिन्न दिशाओं में काम चल रहा है। पिछले दिनों बस्तर के पीड़ित आदिवासियों ने दिल्ली जाकर अपनी बात रखी है। नक्सलियों की पुनर्वास नीति देश में सबसे बेहतर है।

### एडीजी विवेकानंद ने ऑपरेशन की दी जानकारी

एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद ने कहा, छत्तीसगढ़ के नक्सल अभियान के इतिहास में आज का दिन सबसे बड़ा है। अभूतपूर्व सफलता मिली है। बसव राजू का मारा जाना एक बड़ी उपलब्धि है। अबूझमाड़ के लिए कहा जाता है कि यह सुरक्षा विहीन क्षेत्र था, लेकिन बीते डेढ़ सालों में उन इलाकों में कैम्प खोले गए थे। इसके बावजूद जो आपरेशन चलाया गया, यह कैंप से करीब 35 किलोमीटर भीतर जंगल में आपरेशन किया। तीन दिन से ज्यादा फोर्स जंगल में रही। बसव राजू के मारे जाने से नक्सल अभियान में यह मील का पत्थर साबित होगा।

मुंबई पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# सलमान के अपार्टमेंट में घुसा दुर्ग का युवक, पुलिस कर रही पतासाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में एक युवक ने पिछले दिनों बलात प्रवेश किया। युवक दुर्ग का रहने वाला जितेंद्र कुमार बताया गया है। मुंबई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधरइस घटना की जानकारी छत्तीसगढ़ पुलिस को अब तक नहीं हुई है। सोशल मीडिया से मिली खबर के बाद आरोपी के बारे में बारे में पतासाजी की जा रही है। ▶▶| शेष पेज 7 पर



### जानकारी नहीं: एएसपी

घटना को लेकर दुर्ग पुलिस को कोई भी जानकारी नहीं है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है। इस तरह का कोई भी मामला अभी तक सामने नहीं आया है।

### महिला भी इमारत में घुसी

बांद्रा थाने के अधिकारी ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को हुई घटनाओं के संबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। एक अन्य घटना में बुधवार को एक महिला इमारत में घुसी और खान के फ्लैट तक भी पहुंच गई। अधिकारी ने बताया कि सिंह और महिला दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ अवैध तरीके से प्रवेश करने का मामला दर्ज किया गया है।

एमएमआई का लाइसेंस रद्द करने नोटिस

# एयर एंबुलेंस में मरीज को बगैर डॉक्टर व ऑक्सीजन भेजा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी के लालपुर स्थित नारायणा हृदयालय एमएमआई अस्पताल के लाइसेंस निरस्त करने कलेक्टर ने नोटिस जारी कर तगड़ा जुर्माना भी ठोका है। मामला एक महिला मरीज के इलाज के लिए लाखों रुपए वसूलने तथा लापरवाही के कारण जान जाने ▶▶| शेष पेज 7 पर

भारती देवी खेमानी की मौत से जुड़ा है मामला, 24 घंटे के लिए थमाया था 15 लाख का बिल

### परिजनों ने की थी शिकायत

12 सितंबर 2024 को मौत के बाद महिला के परिजनों ने वीडियो भी जारी किए थे। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि एयर एंबुलेंस में किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं थी। ऑक्सीजन भी उपलब्ध नहीं कराया गया था, जिसके कारण मरीज की मौत हो गई। इसके बाद इस मामले को उच्च स्तरीय ▶▶| शेष पेज 7 पर

### यह है मामला

महिला को स्वाइन फ्लू के इलाज के लिए नारायणा हॉस्पिटल में 2 सितंबर को एडमिट कराया था। लाखों रूपए इलाज के लिए जमा करने के बाद भी जब महिला की स्थिति नहीं संभली तो चिकित्सकों ने 12 सितंबर को एयर एंबुलेंस के जरिए हैदराबाद रेफर करने की सलाह दी। इसके लिए ▶▶| शेष पेज 7 पर

छाल क्षेत्र में सनसनी

# बंद मकान में मिली मां और दो बच्चों की लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र के कीदा गांव के बंद मकान में एक महिला व उसके दो बच्चों की चार दिन पुरानी सड़ी-गली लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। कुछ लोग इस मामले को हत्या बता रहे हैं तो कुछ लोग सुसाइड कह रहे हैं, लेकिन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### काम करने बाहर गया था मृतका का पति

महेंद्र के घर में उसकी पत्नी, बेटा व बेटी की लाश मिलने के बाद पुलिस ने उसकी खोज खबर ली, तब पता चला कि महेंद्र ने फोन तो घर पर छोड़ दिया है। इसके बाद पुलिस उसे छाल के ही पुरूंगा गांव से पकड़ कर लाई। पूछताछ में महेंद्र ने ▶▶| शेष पेज 7 पर

सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालयों के लिए जारी किया आदेश

# नीट पीजी में काउंसलिंग से पहले बताना होगा शुल्क

*एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली*

*सुप्रीम कोर्ट ने स्नातकोत्तर मेडिकल प्रवेश में बड़े पैमाने पर सीट रोकने के चलन पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने सभी निजी और मानद विवि को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा नीट-पीजी के लिए काउंसलिंग से पूर्व शुल्क का खुलासा अनिवार्य कर दिया है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सीट रोकने की कुप्रथा सीट की वास्तविक उपलब्धता को विकृत कर देती है, अभ्यर्थियों के बीच असमानता को बढ़ावा देती है और अक्सर प्रक्रिया को योग्यता के बजाय संयोग-आधारित बना देती है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, सीट को रोकना सिर्फ गलत काम* ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सीट ब्लॉक किया तो सख्त एक्शन

पीठ ने अधिकारियों को सीट रोकने पर सख्त दंड देने का आदेश दिया, जिसमें सुरक्षा जमा राशि (सिक्योरिटी डिपॉजिट) जब्त करना, भविष्य की नीट-पीजी परीक्षाओं से अयोग्य घोषित करना और दोषी कॉलेज को काली सूची में डालना शामिल है। शीर्ष अदालत का फैसला उत्तर प्रदेश सरकार और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक, लखनऊ द्वारा दायर याचिका पर आया।

### कोर्ट के ऐसे निर्देश

- सभी निजी/मानद विश्वविद्यालयों द्वारा काउंसलिंग-पूर्व शुल्क का खुलासा करना अनिवार्य किया जाए
- ट्यूशन, छात्रावास, कॉशन डिपॉजिट और विविध शुल्क का विवरण विस्तार से बताया जाए
- राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के तहत एक केंद्रीकृत शुल्क विनियमन ढांचा स्थापित किया जाए

### 52,000 सीटों के लिए परीक्षा

*देश भर में लगभग 52,000 पोस्ट ग्रेजुएशन सीटों के लिए हर साल लगभग दो लाख एमबीबीएस ग्रेजुएट नीट पीजी देते हैं। पिछले साल पहली बार नीट पीजी एक शिफ्ट फॉर्मेट के बजाय दो शिफ्ट में आयोजित की गई थी। 11 अगस्त को पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक हुई थी।*

# अमेरिका में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की हत्या

## यहूदी म्यूजियम के बाहर मारी गई गोली

## अमेरिकी सुरक्षा पर उठे सवाल, मोसाद का इंटेलिजेंस फेल

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन




अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बुधवार रात एक सनसनीखेज हमला हुआ, जिसमें इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना कैपिटल यहूदी म्यूजियम के पास हुई, जहां आमतौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहती है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर घटना की पुष्टि की और इसे नृशंस हत्या करार दिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी। अब तक की प्रारंभिक जांच में यह हमला एक पूर्व नियोजित साजिश प्रतीत हो रहा है। हमलावर गोलीबारी के तुरंत बाद मोटरसाइकिल से फरार हो गया। इस हमले की गंभीरता को देखते हुए एफबीआई ने भी मामले में हस्तक्षेप किया है और उसकी टेररिज्म टास्क फोर्स स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध हमलावर ने 'फ्री फिलिस्तीन' के नारे लगाए थे और फिलिस्तीनी केफियाह लहराई। एक गवाह ने बताया कि एक व्यक्ति गोलीबारी के बाद म्यूजियम के भीतर घुसा और जोर से 'फ्री फिलिस्तीन' चिल्लाया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। हालांकि अधिकारियों ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि पकड़ा गया व्यक्ति वही है जिसने गोली चलाई थी. सीबीएस न्यूज ने जानकारी दी है कि एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। यह घटना एफबीआई के वॉशिंगटन फील्ड ऑफिस के सामने घटी, जिससे यह और भी गंभीर हो जाती है।

### घटना स्थल के पास है एफबीआई का कार्यालय

इस हत्या से अमेरिकी सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि इजरायली दूतावास के स्टाफ पर हमला बेहद पॉश इलाके में हुआ है। यहूदी म्यूजियम से कुछ ही दूरी पर एफबीआई का कार्यालय है और अमेरिकी अटॉर्नी का ऑफिस भी पास में ही है। इसी के साथ दुनियाभर में चर्चित इजराइली एजेंसी मोसाद के सूचना तंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### जानलेवा गोलीबारी का मुख्य संदिग्ध

इजरायली म्यूजियम के बाहर फायरिंग का मुख्य संदिग्ध इलियास रोड्रिगेज 30 वर्षीय शिकागो निवासी है। रिपोर्टों के अनुसार , उसे पार्टी फॉर सोशलिज्म एंड लिबरेशन (पीएसएल) का कार्यकर्ता और ब्लैक लाइव्स मैटर (बीएलएम) आंदोलन में शामिल होने के लिए जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि रोड्रिगेज का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन हमले से पहले उसे घटनास्थल के बाहर टहलते हुए देखा गया था। शूटिंग से ठीक पहले यहूदी म्यूजियम के बाहर देखा गया था और घटना के तुरंत बाद ही उसे हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद उसने 'फ्री फिलिस्तीन, फ्री फिलिस्तीन' के नारे लगाए। उसके पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है। फिलहाल जांच चल रही है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद वह 4 लोगों के समूह के पास पहुंचा और उनमें से दो को बहुत नजदीक से गोली मार दी। इसके बाद रोड्रिगेज ने कथित तौर पर संग्रहालय में प्रवेश किया, पहले तो उसने खुद को पीड़ित बताया और फिर दूसरों से पुलिस को फोन करने को कहा। जब अधिकारी पहुंचे तो रोड्रिगेज ने अपने हाथ ऊपर उठाए और कहा, 'मैंने यह किया है' और घोषणा की कि वह निहत्था है। इसके बाद उन्होंने लाल केफियेह (पारंपरिक मध्य पूर्वी दुपट्टा) निकाला और 'फिलिस्तीन को आजाद करो' का नारा लगाना शुरू कर दिया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया।

### खून का बदला खून से लेंगे : नेतन्याहू



इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम खून का बदला खून से लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया भर के देशों से अपील की है कि वे अपने यहां इजरायली दूतावासों और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा में इजाफा करें ताकि उन पर वॉशिंगटन जैसा जानलेवा हमला न हो सके। अब तक हमास समेत किसी भी संगठन ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### ट्रंप ने की घटना की निंदा



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घटना की निंदा करते हुए इसे यहूदी विरोधी नफरत का परिणाम बताया। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि अमेरिका में नफरत और कट्टरता के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

### मृतक कर्मचारी करने वाले थे सगाई, खरीदी थी अंगूठी

अमेरिका में इजरायली राजदूत येचिल लिटर ने बताया कि इजरायली एंबेसी के स्टाफ यारोन ने इसी सप्ताह अपनी गर्लफ्रेंड सारा के लिए एक अंगूठी खरीदी थी और वो अगले सप्ताह सारा को जेरुशलम में प्रपोज करने का प्लान कर रहा था। वे एक खूबसूरत कपल थे। मृतकों को जानने वाले एक स्थानीय रब्बी ने बीबीसी को बताया कि वे दोनों बहुत अच्छे थे और इस इलाके में काफी प्रसिद्ध भी थे।

---

## खबर संक्षेप

### यमुना की सफाई के लिए अपनाएं समग्र दृष्टिकोण



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को संबंधित मंत्रालयों और अधिकारियों को यमुना नदी की सफाई, राजधानी के निवासियों के लिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति और शहर की सीवेज प्रणाली को उन्नत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह बात अपनी अध्यक्षता में हुई एक बैठक में कही जिसमें केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### आंध्र सीएम नायडू फिर मांगेंगे केंद्र से 'मदद'



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने प्रमुख विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार का समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हुए। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। सरकार द्वारा साझा किए गए आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, नायडू आज रात दिल्ली पहुंचेंगे और 23 मई को कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे।

### टीवी स्टार मनु यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** 'कॉमेडी खिलाड़ी' में अपने अभिनय से लोकप्रियता हासिल करने वाले छोटे पर्दे के अभिनेता मदेनुरु मनु को बृहस्पतिवार को यौन उत्पीड़न के कथित मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इसने बताया कि 33-वर्षीय सह-कलाकार की शिकायत के आधार पर, मनु के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत बलात्कार, महिला की सहमति के बिना उसका गर्भपात, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

---

यूएई और जापान पहुंचा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

# हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए जताई गई प्रतिबद्धता

*भारत ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को अपनी वैश्विक संपर्क कवायद शुरु की और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आत्मरक्षा के अधिकार पर पक्ष रखने के लिए बहुदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल जापान और संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। जापान गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय झा कर रहे हैं, जबकि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचा है। दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने मंत्रियों, महत्वपूर्ण लोगों और विभिन्न संगठनों के लोगों से मुलाकात की।*

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी/तोक्यो

यूएई में भारतीय दूतावास ने कहा कि 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक साथ हैं। श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान के साथ एक लाभदायक बैठक की। हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।' उसने कहा, 'उन्होंने भारत और यूएई के सद्भाव और सहिष्णुता के मूल्यों को रेखांकित किया।' दूतावास ने बैठकों की तस्वीरें भी साझा कीं। दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष डॉ. अली अलनुआइमी से भी मुलाकात की।' इससे पहले शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में यूएई फेडरल नेशनल काउंसिल के सदस्य अहमद मीर खूरी से मुलाकात की और पाकिस्तान की धरती से उत्पन्न राष्ट्र प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत के मजबूत संकल्प से उन्हें अवगत कराया।

### विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को दी 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी | कहा, आतंकवाद के खिलाफ भारत लड़ रहा लड़ाई



श्रीकांत शिंदे यूएई के नेशनल मीडिया आफिस के डीजी मोहम्मद ओबैद अल काबी के साथ।



### ये थे प्रतिनिधिमंडल में

शिंदे के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में मनन कुमार मिश्रा (भाजपा), सस्मित पात्रा (बीजद), ई टी मोहम्मद बशीर , एसएस अहलूवालिया (भाजपा), अतुल गर्ग (भाजपा), बांसुरी स्वराज (भाजपा), पूर्व राजनयिक सुजान आर चिनॉय और यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर शामिल हैं।

### जापान ने की सराहना

झा के नेतृत्व में जापान गए प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, बृजलाल, प्रधान बरुआ और हेमांग जोशी, कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, माकपा के जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। जापान के भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर कहा, 'सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मुलाकात की। हर प्रकार के आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया गया। विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन को दोहराया और भारतीय पक्ष द्वारा दिखाए गए संयम की सराहना की।

### पूर्व पीएम से भी मिले

दूतावास ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान इंडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष योशीहिदे सुगा से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने तोक्यो में शीर्ष जापानी वैचारिक संगठनों से भी चर्चा की और उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से अवगत कराया। सदस्यों ने जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रतिनिधि सभा समिति के अध्यक्ष ताकाशी एंदो से भी मुलाकात की। एंदो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में जापान की ओर से एकजुटता व्यक्त की।

### 33 देश जा रहा प्रतिनिधिमंडल

*पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक पहुंचने के लिए भारत 33 देशों की राजधानियों में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी जिसके बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाक में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इसके बाद पाक के साथ सैन्य संघर्ष हुआ और दोनों पक्षों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच वार्ता के बाद 10 मई को सीजफायर पर सहमति बनी।*

---

ज्योति की चार दिन की रिमांड बढ़ी

# पाक कनेक्शन की जांच जारी पुलिस ने कोर्ट में दी दलील

एजेंसी ▶▶| हिसार



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हरियाणा पुलिस ने हिसार जिला कोर्ट में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ज्योति की चार दिन की रिमांड बढ़ा दी है। हिसार पुलिस ज्योति को गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई थी। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी रिमांड पर बहस चली। जिसके बाद हिसार पुलिस को उसकी 4 दिन का रिमांड मिल गई। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। पेशी के वक्त ज्योति से उके पिता हरीश मल्होत्रा को नहीं मिलने दिया गया। ज्योति 16 मई को गिरफ्तार हुई थी।

### वकील करने के लिए पैसे नहीं

ज्योति की ओर से अभी केस लड़ने के लिए कोई वकील नियुक्त नहीं किया गया है। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि मेरे पास वकील करने के लिए पैसे नहीं हैं। मुझे पता नहीं कि वकील कैसे किया जाएगा। पिछले पांच दिन से मीडिया और पुलिस के अलावा मेरे घर कोई नहीं आ रहा। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने दूरी बना ली है।

### जांच एजेंसियों ने तैयार की रिपोर्ट

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने पुलिस रिमांड के दौरान ज्योति मल्होत्रा से तीन दिन तक पूछताछ की है। सभी एजेंसियों ने अपने-अपने तरीके से तथ्य जुटाकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। बुधवार को सिविल थाना पुलिस ने सेंट्रल जेल में ज्योति से सवाल पूछे। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर निर्मला ने ज्योति से यूट्यूब पर वीडियो बनाने से लेकर पाकिस्तान की तीन बार की यात्राओं के बारे में जानकारी ली।हासिल की। ज्योति से पहलगाम की घटना के बाद बनाए गए वीडियो के बारे में भी पूछताछ की।

---

# सीजेआई ने तीन बार दोहराया ईडी अपनी सीमाएं लांघ रही है

## सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई पर चिंता जताते हुए लगाई फटकार, जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) पर छापेमारी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही कहा कि ईडी सभी सीमाएं लांघ रहा है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने ईडी की कार्रवाई पर गहरी चिंता व्यक्त की और तीन बार दोहराया कि एजेंसी अपनी सीमाएं लांघ रही है। सरकारी शराब विक्रेता पर ईडी की छापेमारी के बाद कार्रवाई पर रोक लगाने से पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईडी अपनी सारी सीमाएं लांघ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, विधि अधिकारी ने आदेश का विरोध करते हुए कहा कि यह मामला 1,000 करोड़ रुपए से अधिक के भ्रष्टाचार से जुड़ा है और ईडी कम से कम इस मामले में सीमाएं पार नहीं कर रहा है।

### कैसे मार सकते हैं आप छापा?

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है, वह तस्माक पर छापा कैसे मार सकता है? पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। प्रवर्तन एजेंसी ने कहा कि इस मामले में गंभीर वित्तीय कदाचार शामिल है। यह स्थगन तमिलनाडु सरकार द्वारा तस्माक परिसरों पर ईडी की छापेमारी को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में दिया गया।

---

## 30 घंटे बाद भी सुलग रही लपटें...



महाराष्ट्र के नासिक में मुंबई-नासिक हाईवे पर स्थित एक कंपनी के प्लांट में मंगलवार देर रात भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। करीब 30 घंटे बीत जाने के बाद भी आग की लपटें सुलग रही हैं। दमकल विभाग इसे काबू करने में जूझ रहा है। इस हादसे में तीन कर्मचारी घायल हो गए हैं, और करोड़ों रुपये के सामान के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

---

## गुजरात में कोरोना वायरस के 15 नए मामले सामने आए

**अहमदाबाद।** गुजरात में लंबे अंतराल के बाद कोरोना वायरस से संक्रमण के 15 नए मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने वायरस के नये स्वरूप के अधिक गंभीर नहीं होने का उल्लेख करते हुए लोगों से कहा है कि वह घबराएं नहीं। अधिकारियों ने बताया कि सभी मरीजों का उनके घरों पर ही उपचार किया जा रहा है। अतिरिक्त निदेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य) डॉ. नीलम पटेल ने बताया कि गुजरात में वर्तमान में कोविड-19 के जेएन.1 स्वरूप के 15 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह वैरिएंट ओमिक्रॉन के प्रकार का ही है। ओमिक्रॉन वैरिएंट पहली बार अगस्त 2023 में सामने आया था। पटेल ने कहा, अहमदाबाद शहर में 13 संक्रमित हैं।

---

गोरे किसानों के नरसंहार का वीडियो दिखाकर किया जलील

# ट्रंप की अब साउथ अफ्रीकी प्रेसिडेंट से तीखी नोकझोंक

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ भी हुई थी ऐसी ही भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



व्हाइट हाउस में एक बार फिर इतिहास दोहराया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से भिड़ गए। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच ठीक वैसी ही तीखी बहस हुई, जैसे कुछ महीने पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और ट्रंप के बीच देखने को मिली थी। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा 19 मई को वॉशिंगटन पहुंचे थे। उनकी इस यात्रा का मकसद अफ्रीका और अमेरिका के संबंधों में नई जान फूंकना है। लेकिन व्हाइट हाउस में इस मीटिंग के दौरान ट्रंप ने अचानक ही रामफोसा को नस्लवाद के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया। ट्रंप ने सिरिल रामफोसा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों का नरसंहार हो रहा है और आप तमाशबीन बने हुए हैं। इस आरोप को जैसे ही रामफोसा ने खारिज करना शुरू किया। ट्रंप ने बिग स्क्रीन पर एक वीडियो दिखाया। इस वीडियो में दावा किया गया कि दक्षिण अफ्रीका में हजारों श्वेत किसानों की हत्या की गई है।

### रामफोसा ने आरोपों को किया खारिज

ट्रंप के इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सिरिल रामफोसा ने कहा कि अफ्रीका में हिंसा बढ़ी है और सभी जातियां और वर्ग इससे जूझ रहे हैं। इन हिंसा में मारे गए लोग सिर्फ श्वेत नहीं है बल्कि अश्वेत भी मारे जा रहे हैं। श्वेतों से ज्यादा अश्वेत लोगों की हत्याएं हुई हैं। रामफोसा ने कहा कि मैंने पहले कभी यह वीडियो नहीं देखा है। हम इसकी प्रमाणिकता का पता लगाएंगे कि वीडियो कहां का है। हमारे देश में अपराध है और इससे सभी प्रभावित हैं फिर चाहे वह श्वेत हो या अश्वेत। मेरी अमेरिकी यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर करना था, जो 1994 में रंगभेद युग के बाद से निचले स्तर पर हैं।

#### गिफ्ट में मिले प्लेन को लेकर रामाफोसा ने ट्रंप पर कसा तंज

इस दौरान रामफोसा ने ट्रंप को कतर की सरकार से गिफ्ट में मिले रॉयल प्लेन पर भी तंज कसा. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद दूर करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, मुझे दुख है कि मेरे पास आपको देने के लिए विमान नहीं है, जिस पर ट्रंप ने कहा कि काश आपके पास होता. बता दें कि ट्रंप के कतर दौरे के दौरान अमेरिका को कतर सरकार की ओर से 3400 करोड़ रुपये का लग्जरी प्लेन गिफ्ट किया गया था।

### जेलेंस्की से भी हुई थी बहस

बता दें कि इस साल 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद यह दूसरा मौका है, जब उनकी व्हाइट हाउस में किसी देश के राष्ट्रपति के साथ बहस हुई। इससे पहले 28 फरवरी को ट्रंप की यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ यूक्रेन जंग पर व्हाइट हाउस में तीखी बहस हुई थी।

---

केंद्र सरकार का अहम ऐलान

# दिव्यांगजनों को मिलेगा सरकारी हाउसिंग में 4 फीसदी आरक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों के हक में बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक और संवेदनशील फैसला लेते हुए केंद्रीय सरकारी आवास योजनाओं में 4% आरक्षण लागू कर दिया है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि 'अब केंद्र के आवास आवंटन में दिव्यांगजनों को 4% आरक्षण दिया जाएगा। यह पहल प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण के प्रति सरकार के समर्पण को दर्शाती है और समावेशी और सुलभ भारत की नींव को भी मजबूत करती है।' केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में लिया गया यह फैसला न केवल दिव्यांगजनों को सम्मान और सुविधा देगा बल्कि एक समावेशी और सुगम भारत के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सरकार के इस फैसले का मकसद है कि दिव्यांगजनों को भी शहरी विकास और आवास योजनाओं में बराबरी की भागीदारी मिले।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# दिल का 'दिल' से होगा इलाज, एसीआई के लिए बनेगी सात मंजिला बिल्डिंग, मंत्री बोले-जुटाई जाएंगी आधुनिक सुविधाएं

खास खबर

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ रायपुर

सरकारी स्तर पर रायपुर मेडिकल कॉलेज से जुड़े सबसे बड़े एडवांस कार्डियक सेंटर में ओपन हार्ट सर्जरी के साथ बॉयपास सर्जरी की शुरुआत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री का कहना है, धीरे धीरे यहां अत्याधुनिक सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। पीड़ितों की संख्या यहां लगातार बढ़ रही है। खबर है, हालात को देखते हुए यहां कार्डिएक सेंटर के लिए सात मंजिला बिल्डिंग ⏭ शेष पेज 7 पर

## एसीआई के डाक्टरों ने दिलाई बड़ी पहचान

- पिछले 16 साल में 15 हजार से ज्यादा कार्डियक प्रोसीजर।
- टाकायासू ओआर्टाआर्टराइटिस का लेजर उपचार विश्व में पहली बार।
- लेफ्ट वेंट्रिकूलर असिस्ट डिवाइस, इंपेला देश में पहला प्रोसीजर।
- वाल्व इन वाल्स क्रासकैथेटर ओआर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट राज्य में पहली बार।
- लाइव केस ट्रांसमीशन प्रदेश में पहली बार।
- पिछले सात साल में 1300 से ज्यादा जटिल ऑपरेशन।

⏭ शेष पेज 7 पर

## बिलासपुर में ओपीडी जगदलपुर में इंतजार

सूत्रों के अनुसार सुपरस्पेशलिटी सुविधा के तहत बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में अभी हृदय रोगियों की जांच ओपीडी के माध्यम से की जा रही है। वहां कैथलैब बनाने की प्रक्रिया लंबित है जिसके पूरा होने ⏭ शेष पेज 7 पर

## छोटा पड़ रहा एसीआई

एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में संचालित दोनों विभागों में प्रतिदिन दो से तीन सौ की ओपीडी होती है। वहीं आईपीडी की संख्या भी पर्याप्त होती है। जरूरत के हिसाब से एस्कार्ट की पुरानी बिल्डिंग में संचालित एसीआई छोटा पड़ रहा है। कुछ साल पहले यहां सात मंजिला भवन का प्रस्ताव बनाया गया था जिसमें मरीजों की जरूरतों के हिसाब से सुविधा जुटाने की योजना थी, जिस पर शासन स्तर पर निर्णय बाकी है। यहां स्वीकृत पदों की भर्ती के साथ अतिरिक्त मानव संसाधन, ऑपरेशन थियेटर और मरीजों के लिए बेड बढ़ाने की काफी जरूरत हैं।

## विश्वस्तरीय सुविधा जुटाई जायगी



प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। एसीआई में अतिदुर्लभ तरीके की सर्जरी के माध्यम से मरीजों को नया जीवन दिया जा रहा है। ओपन हार्ट, बाईपास सहित तमाम तरह का हार्ट प्रोसीजर पूरे किए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में यहां विश्वस्तरीय उपचार सुविधा प्रदान किये जाने का प्रयास किया जायेगा। बिलासपुर और जगदलपुर मेडिकल कालेज में भी सुपरस्पेशलिटी सेवाएं प्रदान की जायेगी।

- श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री

## शासन को भेजा गया प्रस्ताव



एसीआई के लिए सात मंजिल का भवन बनाने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। इसके विस्तार से हृदय रोगियों के इलाज की सुविधाओं का विस्तार होगा।

- डॉ स्मित श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष कार्डियोलॉजी

## विश्व स्तरीय सुविधा मिलेगी



एसीआई के विस्तार से हृदय रोगियों को इलाज को विश्व स्तरीय सुविधा मिलेगी। मानव संसाधन सहित अन्य सुविधा बढ़ाने से यहां इलाज का स्तर और बेहतर होगा।

- डॉ कृष्णाकांत साहू, विभागाध्यक्ष सीटीवीएस

रायपुर के बाद बिलासपुर और जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में भी दिल की पीड़ा समझने की कोशिश, यहां भी सेंटर की योजना

एसीआई में हो रहा दुर्लभ बीमारियों का इलाज, जरूरत मानव संसाधन, बड़ा भवन और जरूरी मशीनों की

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

लखनऊ 235/2 vs गुजरात 202/9

33 रन से जीता लखनऊ

117 रन : मिचेल मार्श
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
बेंगलुरु vs हैदराबाद
समय : शाम 7.30 बजे

# मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, 'सिंदूर' बह रहा, हर आतंकी हमले की पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गुरुवार देशभर के 103 स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इनमें छत्तीसगढ़ के 5 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इन रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस वर्चुअल कार्यक्रम में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से जुड़े, वहीं राज्यपाल रमेन डेका उरकुरा रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम में शामिल हुए।

एजेंसी ⏭ बीकानेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किया गया था।

अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में ⏭ शेष पेज 7 पर

## प्रधानमंत्री 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का किया लोकार्पण इनमें छत्तीसगढ़ के पांच

### अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ के ये पांच स्टेशन: अंबिकापुर, उरकुरा, भिलाई, भानुप्रतापपुर, डोंगरगढ़



### अमृत स्टेशन पर दिखेगी विरासत

पीएम मोदी ने कहा कि आधुनिक रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन नाम दिया गया है। विकास भी, विरासत भी... इस मंत्र का इन अमृत भारत स्टेशन पर नजारा साफ साफ दिखाई देता है।

### सिंदूर बारूद बनाता है तो क्या होता है

पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा- हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है।

### सीएम साय बोले- अमृत स्टेशनों में दिखेगी विकसित भारत की झलक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि लरंग साय के प्रयासों के कारण ही अंबिकापुर में रेलवे स्टेशन की स्थापना हुई है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानते हुए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाना है। अमृत काल के तहत रेलवे स्टेशन का लगातार विकास किया जा रहा है। प्रदेश के जिन पांच स्थानों का लोकार्पण हुआ है, वह विकसित हो रहे भारत की झलक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जशपुर जिले को भी रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अंबिकापुर कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, श्रीमती शकुंतला पोर्ते, श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, राम कुमार टोप्पो, प्रबोध मिंज आदि शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति ने छह कीर्ति 33 शौर्य चक्र प्रदान किए

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के कर्मियों को अदम्य साहस और असाधारण वीरता दिखाने के लिए छह कीर्ति चक्र प्रदान किए, जिनमें से चार को मरणोपरांत दिए गए हैं।

### तिरुपति में एआई से होगी चेहरे की पहचान

तिरुपति। तिरुपति में प्रसिद्ध वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक



संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई और चेहरे की पहचान तकनीक के उपयोग की संभावना तलाश रहा है।

### दो हाथी दांत के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

अम्बिकापुर। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की सक्रियता वन



विभाग को बड़ी सफलता मिली है। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं सरगुजा वन मंडल की संयुक्त टीम ने प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के पास दो तस्करों से हाथी के दो दांत बरामद किया है।

## 2,200 करोड़ के भ्रष्टाचार का मामला

# पूर्व राज्यपाल समेत सात के खिलाफ चार्जशीट मलिक अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई ने किरू जलविद्युत परियोजना में 2,200 करोड़ रुपए के सिविल कार्यों के ठेके में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और सात अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने तीन साल की जांच के बाद मलिक और उनके दो सहयोगियों वीरेंद्र ⏭ शेष पेज 7 पर

### अस्पताल में भर्ती मलिक

वहीं इस केस में चार्जशीट दाखिल होने के बाद मलिक ने एक्स पर लिखा कि वह अस्पातल में भर्ती हैं और किसी से बात करने की स्थिति में नहीं हैं। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि उन्हें कई शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं, जिनका वह जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

### पेश हुई थी 300 करोड़ की रिश्वत

मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें इस परियोजना से संबंधित एक फाइल सहित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। लेकिन पिछले साल सीबीआई द्वारा तलाशी अभियान चलाए जाने के बाद उन्होंने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार किया था।

## आतंकियों की सूचना पर अभियान

# किश्तवाड़ एनकाउंटर में जवान शहीद, सुरक्षाबलों ने मार गिराए दो आतंकी



एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बल छत्रू के शिंगपोरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान चला रहे थे। बताया जा रहा है कि इलाके में चार आतंकवादी दिखाई दिए थे। अब तक दो आतंकी भी मारे जा चुके हैं।

### अभियान के दौरान मुठभेड़

सुबह करीब 7 बजे दो पैरा एसएफ, सेना की 11आरआर, 7वीं असम राइफल्स और एसओजी किश्तवाड़ के जवानों ने अभियान शुरू किया। मुठभेड़ शुरू हो गई। सैफुल्लाह सहित चार आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षा बलों ने चटरू के जंगलों में घेर लिया है।

### आतंकियों पर सुरक्षाबलों का कड़ा प्रहार

ये ऑपरेशन ऐसे समय में हुआ है, जब बीते सप्ताह पुलवामा के त्राल इलाके में सुरक्षाबलों ने तीन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को मार गिराया था। उनकी पहचान आसिफ अहमद शेख, अमीर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई थी। इससे पहले शोपियां के जीनपथेर केलर इलाके में तीन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी मारे गए थे, जिनमें से दो की पहचान शाहिद कुट्टे और अदनान शफी के रूप में हुई थी।




## प्रदेश के आबकारी प्रशासन ने बनाए नियम

# देशी शराब की सप्लाई अब एक साथ तीन दुकानों में, परिवहन का सिस्टम बदला

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में देशी शराब की दुकानों तक पहुंच अब और आसान होगी। अब से पहले तक ये नियम था कि एक बार में गोदाम से एक ही दुकान के लिए शराब निकाली जाती थी, वाहन से सप्लाई होने के बाद वह गाड़ी लौट आती थी। अब नई व्यवस्था में एक बार में तीन दुकानों के लिए शराब गाड़ी में लोड की जाएगी, एक के ⏭ शेष पेज 7 पर

## उल्लंघन करने पर 5 लाख तक जुर्माना

### पुराने नियम दरकिनार अब ये नियम होंगे लागू

राज्य सरकार के वाणिज्यककर आबकारी विभाग ने देशी शराब के परिवहन के पुराने नियम को दरकिनार करते हुए नए नियम बनाए हैं। इसके तहत यदि एक से अधिक देशी मदिरा दुकान, या कंपोजिट मदिरा दुकान एक ही मार्ग (रूट) पर स्थित हैं, तो आवश्यक होने ⏭ शेष पेज 7 पर



### इस तरह तीन दुकानों में पहुंचाई जाएगी शराब

एक वाहन से एक से अधिक मदिरा दुकानों में मदिरा परिवहन करने की स्थिति में पहली दुकान के तय समय पर परिवहनकर्ता द्वारा मदिरा का परेषण पहुंचाना अनिवार्य होगा। पहली दुकान में मदिरा पहुंचने और अनलोड होने के बाद शराब दुकान के प्रभारी आबकारी अधिकारी, आबकारी मुख्य आरक्षक, या आरक्षक द्वारा वाहन को अगली दुकान के लिए रवाना किया जाएगा। इसमें उस दुकान के परमिट में वाहन की ⏭ शेष पेज 7 पर

## चिंतन

# अमेरिका की पाकपरस्त नीति से सतर्क रहना होगा

अमेरिका और पाकिस्तान की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों भले ही रिश्तों में तल्खी का दिखावा करें, लेकिन जब भी पाकिस्तान को मदद की जरूरत होती है, अमेरिका वहां मौजूद होता है और इसके लिए वो पाकिस्तान से पूरी कीमत भी वसूलता है। इसे पाकिस्तान की मजबूरी कहें या कुछ और, वह भी अमेरिका को कीमत अदा करने के लिए तैयार रहता है, चाहे बात अफगानिस्तान में अमेरिकी हमले का समर्थन करने की हो या फिर भारत के खिलाफ भूराजनीतिक दबाव की राजनीति खेलने की, अमेरिका हमेशा से पाकिस्तान का मददगार रहा है। यहां तक कि आतंकवाद पर भी वो अनेक मौकों पर पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया है। उसके खुद के सीने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी जख्म लगने के बाद एक बारगी अमेरिका ने आतंक पर कड़ा रुख जरूर अपनाया। यहां तक कि वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर पर हमले का साजिशकर्ता लादेन पाकिस्तान में ही पाया गया। इसके बावजूद अमेरिका का पाक प्रेम कम नहीं हुआ। दिखावे के लिए तो अमेरिकी ने आतंकवादियों को पोषण दिए जाने को लेकर पाकिस्तान की सार्वजनिक रूप से कई बार आलोचना की। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने बार-बार पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से आईएसआई, तालिबान और लश्कर-ए-तैयबा के बीच संबंधों को उजागर किया, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार बताता रहा। अमेरिका की पाक को लेकर नीति हमेशा से भारत विरोधी रही है। कौन नहीं जानता कि अमेरिका ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। हथियार और पैसा दोनों से मदद की। युद्ध के दूसरे ही दिन भारत के हमले से हिले पाकिस्तान के राष्ट्रपति याह्या खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन को एक आपात संदेश भेजकर मदद मांगी थी। इसके बाद अमेरिका ने अपने सातवें बेड़े को बंगाल की खाड़ी भेजने का फैसला किया था। अमेरिका के सातवें बेड़े का मुकाबला करने के लिए तत्कालीन सोवियत संघ ने अपना एक बेड़ा भारत के समर्थन में उतार दिया था। यह बेड़ा अमेरिकी बेड़े की किसी भी कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर था, लेकिन इसकी नौबत नहीं आई। पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद अमेरिका का बेड़ा वापस लौट गया। इसके अलावा भी ऐसे अनेक मौके आए, जब अमेरिका पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। ऐसा ही एक मौका तक भी आया, जब भारत ने सात मई को पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर हमला किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया पूरी तरह से पाक परस्त दिखाई दे रहा है। वो बार-बार भारत पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की बात करते हुए दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने की कोशिशों में लगे हैं। यहां तक कि ट्रंप ने कश्मीर में मध्यस्थता करने का भी ऐलान कर दिया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरी सरकार कह चुकी है कि पाकिस्तान से अगर अब बात होगी तो आतंकवाद या पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी। इसके बावजूद अमेरिका पाक का सरपरस्त बना हुआ है। असल में अमेरिका अब पाकिस्तान की विशाल खनिज संपदा का दोहन करने में रुचि दिखा रहा है। जो स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के वित्तपोषण की चिंताओं के बावजूद, अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए आवश्यक खनिजों के लिए पाकिस्तान को रणनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है। भारत को अमेरिका की इस स्वार्थ नीति से सतर्क रहना होगा।

## व्यंग्य

जयराम शुक्ल



# कानून से ज्यादा आचरण का विषय है भ्रष्टाचार

### राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, देवघर, झारखण्ड, सर्कुलर रोड, नियर उपायुक्त आवास, देवघर, झारखण्ड (814112)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा प्रसंग संख्या NH/Deoghar/JHR/F2/06/2025-26 [PR No. 353153 Deoghar(25-26).D] के निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.06.2025 (12:30 बजे अपराह्न) के स्थान पर 03.06.2025 (12:30 बजे अपराह्न) पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
रा0 उ0 पथ प्रमंडल, देवघर

PR 353259 Deoghar(25-26)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, देवघर, झारखण्ड सर्कुलर रोड, नियर उपायुक्त आवास, देवघर, झारखण्ड (814112)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा प्रसंग संख्या NH/Deoghar/JHR/F2/07/2025-26 [PR No. 353154 (Deoghar)25-26(D)] के निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.06.2025 (12:30 बजे अपराह्न) के स्थान पर 03.06.2025 (12:30 बजे अपराह्न) पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
रा0 उ0 पथ प्रमंडल, देवघर

PR 353262 Deoghar(25-26).D

### OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)
### e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 350/RMC/2025 RAIPUR DATED: 20.05.2025

Online bids are invited for the following works of works up to **12.06.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount |
|---|---|---|---|
| 1 | 168929 | 75 unskilled male and female Workers Provide through placement agency for the 12 months. | 1,37,97,603.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **22.05.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in 3 For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**TOWN PLANNER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

डॉ. जाऊलकर
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन
एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन
एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
सुविधाएं मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया 37 पैसे टूटकर 85.96 पर बंद



**मुंबई।** आयातकों एवं विदेशी बैंकों की डॉलर की लगातार बढ़ती मांग के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 37 पैसे टूटकर 85.96 पर बंद हुआ। अमेरिकी बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल वैश्विक निवेशकों को परेशान कर रहा है। भारत और अमेरिका के बीच घटते प्रतिफल के अंतर के कारण भारतीय परिसंपत्तियां कम आकर्षक हो रही हैं।

### सेबी कर रही इंडसइंड बैंक के गंभीर उल्लंघन की जांच



**नई दिल्ली।** सेबीके चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंडसइंड बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के किसी भी '' गंभीर उल्लंघन '' की बाजार नियामक जांच कर रहा है। इंडसइंड बैंक के मुद्दों से आरबीआई निपटेगा, लेकिन सेबी संकटग्रस्त बैंक के अधिकारियों द्वारा प्रतिभूति बाजार के उल्लंघन की जांच कर रहा है।

- गेहूं को छोड़ अन्य खाद्य फसलों की एमएसपी कम
- अनाज और दालों की कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी
- केंद्र सरकार 23 फसलों के लिए एमएसपी तय करती है

### आरबीआई ने जारी अपने मई बुलेटिन में कहा

# प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*खरीफ और रबी फसलों की भारी पैदावार से गेहूं को छोड़कर प्रमुख खाद्य फसलों की मंडी में औसत कीमत, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा बुलेटिन के अनुसार, मई माह के अब तक (19 मई तक) खाद्य मूल्य आंकड़ों से अनाज और दालों दोनों की कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी दिखी है।*

केंद्र सरकार 23 फसलों (14 खरीफ, सात रबी और दो वाणिज्यिक फसलों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करती है। हालांकि, यह खाद्य सुरक्षा के उद्देश्य से राशन दुकानों से वितरण के लिए कुछ वस्तुओं, खासकर गेहूं और चावल की खरीद करती है।

### औसत मंडी कीमतें कम हुई

लेख में कहा गया, '' खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों की भरपूर पैदावार तथा खाद्य मुद्रास्फीति से निपटने के लिए नीतिगत उपायों के परिणामस्वरूप प्रमुख खाद्य फसलों (गेहूं को छोड़कर) की औसत मंडी कीमतें कम हुई हैं तथा वे अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी कम हैं जो देश की खाद्य सुरक्षा के लिए अच्छा संकेत है।''

### दालों की बुवाई पूरी हो चुकी

लेख में कहा गया कि ग्रीष्मकालीन फसलों के मामले में, विशेष रूप से दालों की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है। धान की बुवाई (कुल ग्रीष्मकालीन क्षेत्रफल का लगभग 43 प्रतिशत) 16 मई 2025 तक पूरे सत्र के सामान्य क्षेत्रफल का 107.6 प्रतिशत थी, जबकि मूंग (कुल सत्र के क्षेत्रफल का लगभग 27 प्रतिशत) की



### प्याज की कीमतों में सुधार हुआ

आरबीआई के मई बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाशित लेख में कहा गया कि दूसरी ओर, सोयाबीन, सूरजमुखी और सरसों तेल के दाम में बढ़ोतरी के कारण खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। हालांकि, पाम और मूंगफली तेल की कीमतों में नरमी आई। प्रमुख सब्जियों में प्याज की कीमतों में और सुधार हुआ जबकि आलू तथा टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई।



### गेहूं पर 175 रुपए क्विंटल के बोनस की घोषणा

लेखकों ने कहा कि औसत मंडी कीमतों का आंकड़ा एक अप्रैल से 19 मई 2025 की अवधि से जुड़ा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और ये भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश ने गेहूं के लिए एमएसपी पर 150 रुपये प्रति क्विंटल और 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस देने की घोषणा की है।

### सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान

ग्रीष्मकालीन बुवाई का कुल क्षेत्रफल 80.7 लाख हेक्टेयर रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.9 प्रतिशत अधिक है। लेख में कहा गया, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून से सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान है और इसकी संभावित समय से पहले शुरुआत आगामी खरीफ सत्र के लिए शुभ संकेत है। इसमें कहा गया, प्रमुख उर्वरकों (फॉस्फेटिक उर्वरकों को छोड़कर) की अनुमानित आवश्यकता भी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस इट्सा हॉस्पिटल्स का भव्य शुभारंभ आज, सीएम साय करेंगे उद्घाटन



- तीन यूनिट में बंटा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, बच्चों के लिए अलग विंग, वेलनेस सेंटर भी

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के पास इट्सा हॉस्पिटल्स का भव्य शुभारंभ आज होने जा रहा है। 350 बेड वाले इस हॉस्पिटल का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इट्सा हॉस्पिटल्स तीन प्रमुख इकाइयों में विभाजित है। पहला, इट्सा मल्टीस्पेशियलिटी विंग जहां कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, कैंसर सर्जरी जैसी प्रमुख चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। इसमें फिलिप्स का नवीनतम कैथ लैब, कार्ल जाइस का सर्जिकल माइक्रोस्कोप, छह मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और हाई डेफिनिशन लैप्रोस्कोपी सिस्टम जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। 24x7 इंटेंसिव केयर की सुविधा वयस्कों और बच्चों दोनों के लिए उपलब्ध है, साथ ही आपातकालीन और ट्रॉमा यूनिट में विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात रहेंगे। दूसरी इकाई इट्सा कान्हा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल है जो पूरी तरह बच्चों के इलाज के लिए समर्पित है। इसमें एनआईसीयू, पीआईसीयू, नवजात देखभाल, बाल हृदय रोग, एडवांस्ड पीडियाट्रिक वेंटिलेटर और स्वस्थ शिशु क्लिनिक जैसी उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान की जाएंगी। तीसरी इकाई इट्सा वेलनेस सेंटर है, जहां हेल्थ चेकअप, प्रिवेंटिव केयर, न्यूट्रिशन, फिजियोथैरेपी, रोबोटिक रिहैबिलिटेशन और समग्र जीवनशैली से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिलेगी

इट्सा हॉस्पिटल्स के संस्थापक सुनील बालानी, डॉ. सचिन पीतलावार, डॉ. राजकुमार बरनवाल और विनिता बालानी है। संस्थापकों का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना और राज्य में भरोसेमंद सेवा-संस्कृति को स्थापित करना है। यह अस्पताल न केवल एक इलाज केंद्र है, बल्कि यह संवेदना और विश्वास का प्रतीक बनने की दिशा में अग्रसर है।

# चांदी 2,040 रुपए चढ़कर एक लाख रुपए के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की मांग बढ़ने के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 98,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वहीं, स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 2,040 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार कर 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गईं। एसोसिएशन ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझानों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने भी स्थानीय कीमतों का समर्थन किया। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताओं के बाद डॉलर के दबाव में रहने से सोने की कीमतों में तेजी जारी रही।'

### सैमसंग भारत में सबसे पतले स्मार्टफोन का करेगा विनिर्माण

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरिया की स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने भारत में अपने सबसे पतले स्मार्टफोन 'गैलेक्सी एस25 एज' का विनिर्माण शुरू कर दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने 13 मई को भारत सहित वैश्विक बाजारों में 'गैलेक्सी एस25 एज' पेश किया था।

### आईटीसी का लाभ चार गुना होकर 19,807 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही कंपनी आईटीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब चार गुना होकर 19,807.8 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का एक साल पहले समान तिमाही में मुनाफा 5,013.18 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की परिचालन आय 20,376.3 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रही। पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 20,349.9 करोड़ रुपये रही थी। 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 68.9 प्रतिशत बढ़कर 35,052 करोड़ रुपये हो गया।

# सेंसेक्स 645 अंक फिसला, निफ्टी में भी गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों से पैदा हुए बिकवाली के दबाव में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार खासी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 645 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 204 अंकों की गिरावट रही। बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका में ऋण चिंताओं का असर भारतीय बाजारों पर देखा गया। आईटी, तेल और दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,951.99 अंक पर बंद हुआ।

## बिजनेस साइट

### 'जिंदल' के कर्मचारी गांवों के पुनर्वास के लिए देंगे अपना एक दिन का वेतन



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने जहां देश को गौरव से भर दिया, वहीं जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले हजारों नागरिकों को भीषण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बर्बर गोलाबारी में निर्दोष लोगों की जान गई और घर-गांव तबाह हो गए। ऐसे कठिन समय में जिन्दल स्टील के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए इन पीड़ित परिवारों के पुनर्वास में सहयोग का संकल्प लिया है। इस पहल के तहत नवीन जिन्दल ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इस सहयोग में जिन्दल स्टील समूह के 20,000 से अधिक कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से अपना एक दिन का वेतन देना भी शामिल है। यह सहायता एक व्यक्तिगत दायित्व के साथ साथ एक सामूहिक राष्ट्रीय कर्तव्य भी है।

### गोल इंस्टीट्यूट में नीट के लिए एडमिशन पर मिल रही 70 फीसदी तक स्कॉलरशिप

**भिलाई।** नीट की तैयारी करवाने वाला देश का अग्रणी कोचिंग संस्थान 'गोल इंस्टीट्यूट' छत्तीसगढ़ के छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। संस्थान भिलाई और बिलासपुर शाखाओं में मेडिकल की तैयारी करने वाले योग्य छात्रों को 70% तक की स्कॉलरशिप प्रदान कर रहा है। निदेशक रंजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान ने अब तक सैकड़ों छात्रों का चयन एम्स, जीएमसी रायपुर जैसे प्रतिष्ठित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में करवाया है और लगातार बेहतर परिणाम दे रहा है। रंजीत कुमार के अनुसार, गोल इंस्टीट्यूट की अनुभवी फैकल्टी समय पर कोर्स पूरा कराने, निरंतर रिविजन, डाउट क्लासेस और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को सफलता की ओर प्रेरित करती है। यही कारण है कि कठिन नीट परीक्षा के बावजूद इस वर्ष संस्थान के 42 सवाल प्रश्नपत्र से मेल खाए हैं, जिससे छात्रों में आत्मविश्वास और उत्साह देखा जा रहा है। संस्थान द्वारा दी जा रही स्कॉलरशिप में सीबीएसई और स्टेट बोर्ड के टॉप 20 मेरिट छात्रों को 70%, आर्मी परिवार और जेएनवी के छात्रों को 50%, दूसरे और तीसरे प्रयास के ड्रॉपर छात्रों को 40% और अन्य सभी ड्रॉपर छात्रों को 25% तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। यह सुविधा सीमित सीटों पर उपलब्ध है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, सिटी ऑफिस, 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर छत्तीसगढ़ 7746000016, 7747000019, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

आवश्यकता है- G.S सिक्योरिटी ,को रायपुर के लिए सिक्योरिटी गार्ड की, सेलरी. 12000 से 13000, सुपरवाइजर,15000.16000, रहने की सुविधा फ्री EPF and ESIC लागू, संपर्क करें - 9993335387. (RO-6935)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड की जरूरत है। स्कूल, कम्पनी, भिलाई आयु 25, 45 तक, वेतन 10000, 12 घंटा ड्यूटी सम्पर्क :- 9893153849.(आरो नं.-755)

### डिलीवरी कार्य

आवश्यकता है- होम डिलीवरी का कार्य करने हेतु लडको की आवश्यकता है। स्वंय की मोटरसाइकिल और स्मार्ट फोन होना अनिवार्य संपर्क करें।- 9754160228.(RO-7217)

### हेल्पर/वेल्डर

आवश्यकता है- पाइप लाइन हाइड्रेंट वाटर सिस्टम में हेल्पर, वेल्डर, फिटर की अतिशीघ्र आवश्यकता है संपर्क 14 रविशंकर शुक्ला मार्केट पावर हाउस भिलाई मो. -9755140787, 9329011025.(आरो-751)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### टीचर

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल अश्वनीनगर एवं सत्तीबाजार में- लेडी प्रिंसीपल, हिंदी-अंग्रेजी माध्यम- नर्सरी से 5वीं सम्पूर्ण विषय 6वीं से 10वीं- संस्कृत, हिन्दी, अंगेजी, गणित, विज्ञान, एसएसटी, 11वी-12वीं- हिंदी, अंग्रेजी, एकाउंट, 11वीं-12वीं- भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, कम्प्यूटर शिक्षिका, आयाबाई, चपरासी, ड्राईवर की आवश्यकता। साक्षात्कार 26.05.2025, प्रातः 10बजे अश्वनीनगरः 0771-2241548.(RO-6978)

### मैनेजर/एच आर

आवश्यकता है- (LG) आयुर्वेद फार्मेसी में 200पोस्ट की भरती सेल्स मैनेजर, सेल्सस्टॉफ, HR मैनेजर, लड़के, लड़कियां,महिला उम्र 18वर्ष से 50वर्ष HR मैनेजर , सेल्स मैनेजर , सैलरी योग्यता के अनुसार स्टॉफ सैलरी 8000/- से 16000/- रहना, खाना फ्री ,+पेट्रोल + मंथली बोनस - संपर्क गौरव सर 7757069427, 7378754405.(आरो नं.-753)

### ऑपरेटर/सेल्समैन

आवश्यकता है- अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है संपर्कः- सत्यम बेकर्स एंड स्वीट्स शॉप नं. 82, 83 सेक्टर 10 भिलाई मोः- 9827990006, 7693877777.(आरो नं.-754)

### टेलीकॉलर/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट- 02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्निशियन- 2, ऑफिस बॉय- 1 सम्पर्कः- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-om)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कुली/चौकीदार

आवश्यकता है- रायपुर स्थित दाल मिल में कार्य हेतु 04 कुली (मजदुर) की आवास सुविधा उपलब्ध। 09 चौकीदार जो कि मिल में रह सके। संपर्क अविनाश 7725800600 कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु अंबुजा मॉल के पास रायपुर (RO-6936)

### फील्ड कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 8वी पास चपरासी की आवश्यकता है। संपर्क करेः- के. सी. झाबक एंड कंपनी, सुमान काम्प्लेक्स, 2 फ्लोर, मधुबन होटल के बाजू सदर बाजर रायपुर 9827193293.(RO-anant)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- सारागांव बिजली ऑफिस में स्मार्ट मीटर के लिए 10वीं 12वीं पास व आई.टी.आई. किए हुये लड़कों की आवश्यकता है। स्थान :- अडसेना, मोंहदी, गनियारी, मटीयाडीह, बंगोली कुर्रा, भनसुली तर्रा, टोर, बरबन्दा में लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क- 8962157828, 7828997228. (RO-6932)

आवश्यकता है- इंदौर मे ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना खाना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 - 9575712101, 7024520550.(RO-345)

### ऑफिस/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता, मिलेः- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022. (RO-6941)

### कीपर/लेबर

आवश्यकता है- गोडाऊन में कार्य हेतु एक गोडाउन कीपर और एक लेबर की । सोना ट्रेडिंग कंपनी, शांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर । संपर्क- 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-782)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु लड़के चाहिए, कम्प्यूटर ऑपरेटर (टैली) - (अनुभव 1 साल) काउंटर सेल्समैन, कार्य समय 11:00 AM to 9:00 PM, राधा इंटरप्राइजेस, स्टेशन रोड, रायपुर 9425504853.(RO-503)

### स्टेशनरी कार्य

आवश्यकता है- बुक स्टाल व स्टेशनरी में कार्य करने हेतु ग्रेजुवेट लड़को/लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क :- श्री रामचंद बुक स्टाल, राज टाकीज के पास, पुराना बस स्टैंड, रायपुर। (RO-781)

### वेल्डर/हेल्पर

आवश्यकता है- वैल्डर वा हेल्पर की नौकरी और काम सीखने के लिए सम्पर्क करे गौरव इंजीनियरिंग वर्कस,धमधा रोड दुर्ग बायपास के नजदीक phone no. 9329870104 (आरो नं.-1577)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- जीओ कम्पनी मे इंस्टालेशन कार्य करने हेतु 10वी,12वी पास लड़कों की अवश्यकता है। सैलरी अनुभव अनुसार दिया जाऐगा । संपर्क - 8349490631, 9343642635.(RO-6942)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ऑपरेटर/लेबर

आवश्यकता है- अरवा राईस मिल ( कोढ़ा मिल ) चलाने हेतु ऑपरेटर एवं लेबर(5-6) की आवश्यकता है । स्थान - ऊरला, रायपुर संपर्क - 7987970711, 7987974445.(RO-07)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- किताब दुकान में सेल, दुकान कार्य हेतु परमानेंट पार्ट / फुल टाइम युवक / लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। 4 से 5 अंको में । जैन बुक डिपो, सदर बाजार। 9425205244.(RO-398)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/- प्रतिमाह। रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें। पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222.(RO-06)

### कुक/ड्रायवर

आवश्यकता है- हॉस्टल में आवश्यकता हैं। खाना बनाने हेतु कुक, एवं ड्राइवर , नशा मुक्त एकल व्यक्ति महिला/पुरुष, रहने खाने की सुविधा, driving license जरूरी , अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता। जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका रायपुर. 9425206595.(RO-anant)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर लड़का या लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735.(RO-401)

### अन्य

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9204441270.(RO-892)

आवश्यकता है- नौकरी छत्तीसगढ़ के सभी एयरपोर्ट पर लड़कों की अनपढ़ से 12 वी पास ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, वेतन-22500/- से 55000/- रहना+खाना +चिकित्सा फ्री 09211591851.(RO-896)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7480810919.(RO-894)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती भारतीय वनविभाग को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-887)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोलप्लाजा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्वसुविधायुक्त प्लाट – विकसित क्लोज्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। संपर्कः- 7247006610, 7247006609.(आरो न.-7182)

बेचना है- चंद्रखुरी कौशल्या माता मंदिर से 500 मीटर पहले दिशा कॉलेज के पास 5600 वर्गफीट आगे पीछे रोड 600/- प्रति वर्गफीट से (2) माना बनरसी में 21742 वर्गफीट प्लॉट फ्रंट 127 का (3) बैरन बाजार कुंदन पैलेस के पास ढेबर आर्केड के नीचे दो दुकान लगभग 600 वर्गफीट संपर्कः- 9009604000..(RO-344)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare






# अंडर-19 टीम का ऐलान : म्हात्रे को इंग्लैंड दौरे की कमान, सूर्यवंशी का दिखेगा तूफान

## 24 जून से शुरू होगा दौरा, पांच वनडे मैच खेलेंगी टीमें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैच की युवा वनडे श्रृंखला और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो 'मल्टी-डे' मैच शामिल होंगे।



### म्हात्रे के नाम 962 रन

17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे।मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप कप्तान बनाया गया है।

### आईपीएल में मचाया कोहराम





वैभव सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है।बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में बनाया गया उनका शतक भी लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक बनाया था।

### एनान ने टेस्ट में झटके 16 विकेट

एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो युवा टेस्ट में 16 विकेट लिए और उस श्रृंखला में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है।

### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। स्टैंडबाय खिलाड़ी: नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

खास खबर

## श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारे



**कुआलालंपुर।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को यहां मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर के मैच में आयरलैंड के एनहाट गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन एच एस प्रणय सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की। श्रीकांत अंतिम आठ मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। प्रणय को पुरुष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में जापान के युशी टनाका से 9-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिन में अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मैच में भारतीयों में आयुष शेट्टी और सतीश करुणाकरण भी हार गए। पोपोव ने दूसरे दौर के मैच में शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं करुणाकरण को उन्हें टोमा के भाई और युगल जोड़ीदार क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से पराजय मिली।

### इंग्लैंड दौरा : भारतीय टीम की घोषणा आज

**मुंबई।** इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा शनिवार 24 मई को की जाएगी जिसमें शुभमन गिल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर पारंपरिक प्रारूप में नया कप्तान बनने की दौड़ में आगे निकलने की कोशिश करेंगे। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास की घोषणा के बाद यह पहली बड़ी श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा है। माना जा रहा है कि चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर टीम की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें 16 या 17 सदस्य होंगे।

### प्लेऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा।न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
21 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के मुकेश पर लगा 10 प्रतिशत का जुर्माना

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।



मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या 'फिक्स्चर और फिटिंग' के दुरुपयोग' से संबंधित है।

## आईपीएल : हार के बावजूद 18 अंक के साथ शीर्ष पर टाइटंस

# मार्श के पहले शतक से जीता लखनऊ गुजरात के शेर घर में ढेर, 33 रन से हारे

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने पहला आईपीएल शतक जड़ा। इससे लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां गुजरात टाइटंस को उसके घर में 33 रन से हरा दिया। मार्श ने अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 64 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से 117 रन बनाने के अलावा पूरन (नाबाद 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। सुपर जाइंट्स ने दो विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जवाब में गुजरात की टीम नौ विकेट पर 202 रन ही बना सकी मार्श ने एडेन मार्करम (36) के साथ पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके जवाब में टाइटंस की टीम विल ओरोर्के (तीन विकेट), आयुष बडोनी (दो विकेट) और आवेश खान (दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी की। सुपर जाइंट्स की टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि टाइटंस की टीम प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित कर चुकी है और इस मैच में हार के बावजूद 13 मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है।



### गिल, साई और जोस फेल

इस सीजन गुजरात की सफलता की अहम कड़ी कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर की तिगड़ी रही है। लेकिन लखनऊ के खिलाफ तीनों में से कोई भी नहीं चल सका। गिल और सुदर्शन ने टीम को ठोस शुरुआत जरूर दी, लेकिन जो टारगेट टीम को मिला था उसके लिए जरूरी था कि ये दोनों लंबा खेलें। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर विल ओ रोर्के ने सुदर्शन की पारी का अंत कर दिया। वह 16 गेंदों पर 21 रन पाए। आवेश खान ने आठवें ओवर की आखिरी गेंद पर गिला को आउट किया। गुजरात के कप्तान ने 35 रन बनाए। बटलर तेजी से रन बना रहे थे। तभी 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर उनके डंडे भी उखड़ गए। बटलर ने 33 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्करम का शाहरुख बो किशोर | 36 | 24 | 3 | 2 |
| मार्श का रदरफोर्ड बो अरशद | 117 | 64 | 10 | 8 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 56 | 27 | 4 | 5 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 | 06 | 0 | 2 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 235/2
गेंदबाजी : सिराज 4-0-37-0, अरशद 3-0-36-1, रबाडा 4-0-45-0, प्रसिद्ध 4-0-44-0, किशोर 3-0-34-1, राशिद 2-0-36-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का मार्करम बो ओरोर्के | 21 | 16 | 4 | 0 |
| गिल का समद बो आवेश | 35 | 20 | 7 | 0 |
| जोस बटलर बो आकाश | 33 | 18 | 3 | 2 |
| रदरफोर्ड का स्था. बो ओरोर्के | 38 | 22 | 1 | 3 |
| शाहरुख का स्था. बो आवेश | 57 | 29 | 5 | 3 |
| तेवतिया का हिम्मत बो ओरोर्के | 02 | 03 | 0 | 0 |
| अरशद ओरोर्के बो शाहबाज | 01 | 03 | 0 | 0 |
| राशिद खान नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |
| कागिसो रबाडा बो बडोनी | 02 | 03 | 0 | 0 |
| साई किशोर बो बडोनी | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 202/9
गेंदबाजी : आकाश 3.1-0-29-1, आकाश दीप 4-0-49-0, ओरोर्के 4-0-27-3, आवेश 3.5-0-51-2, शाहबाज 4-0-41-1, बडोनी 1-0-4-2.

## बेंगलुरु का मुकाबला हैदराबाद से आज

**लखनऊ।** पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का लक्ष्य शुक्रवार को आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया।



## थाईलैंड ओपन में 19 मुक्केबाज देंगे चुनौती



**नई दिल्ली।** भारत की 19 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम 24 मई से एक जून तक बैंकॉक में होने वाले चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। एशियाई मुक्केबाजी के अंतर्गत आयोजित थाईलैंड ओपन में पूरे महाद्वीप की शीर्ष राष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, जापान, कोरिया और मेजबान देश थाईलैंड जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। टीम में 10 पुरुष और नौ महिलाएं शामिल हैं। अंतरिम समिति द्वारा संचालित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने अपने चयन मानदंड के अनुसार इस साल की पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेताओं को मौका प्रदान किया।

### भारतीय टीम

**पुरुष :** नाओथोई सिंह कोंगखम (47-50 किग्रा), पवन बर्त्वाल (50-55 किग्रा), निखिल (55-60 किग्रा), अमित कुमार (60-65 किग्रा), हेमंत यादव (65-70 किग्रा), दीपक (70-75 किग्रा), ध्रुव सिंह (75-80 किग्रा), जुगनू (80-85 किग्रा), नमन तंवर (85-90 किग्रा), और अंशुल गिल (90 किग्रा+)।
**महिला :** यासिका राय (45-48 किग्रा), तमन्ना (48-51 किग्रा), आभा सिंह (51-54 किग्रा), प्रिया (54-57 किग्रा), संजू (57-60 किग्रा), सनेह (65-70 किग्रा), अंजलि (70-75 किग्रा), लालफाकमावी राल्टे (75-80 किग्रा), और किरण (80 किग्रा+)।

हॉकी प्रो लीग

## यूरोपीय चरण के लिए भारतीय टीम की घोषणा, 7 को पहला मैच



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की जो सात जून से नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेली जाएगी।
भारतीय टीम अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैचों के साथ करेगी। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन में अर्जेंटीना के खिलाफ 'डबल हेडर' खेला जाएगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी और 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ मैच के बाद अपना अभियान समाप्त करेगी। भारत ने इस साल के शुरू में भुवनेश्वर में प्रो लीग का घरेलू चरण खेला था जिसमें टीम ने आठ मैच में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए और अब अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से बहुत खुश हूं। टीम अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम खुद को इसके लिए अच्छी स्थिति में लाने के लिए अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं।'

### ऐसी है भारतीय टीम

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा।
**डिफेंडर :** सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर:** राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह
**फॉरवर्ड:** गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

### बेरेटिनी चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे

**पेरिस।** इटली के टेनिस खिलाड़ी माटियो बेरेटिनी ने चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया है और आयोजकों ने गुरुवार को कहा कि मुख्य ड्रॉ में उनकी जगह किसी 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा। रोलां गैरां में रविवार से क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम शुरू होगा। पिछले हफ्ते इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में कैस्पर रूड के खिलाफ 28वीं रैंकिंग के बेरेटिनी 'रिटायर' हो गए थे। पेट की चोट के कारण वह दो हफ्ते पहले मैड्रिड में जैक ड्रेपर के खिलाफ तीसरे दौर के मैच से हट गए थे।

पोलैंड में आज होगी ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता

## नीरज आज फिर वेबर के लिए बनेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶ चोरजोव

पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया। 2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे।




### मूसा ने जारी की 29 खिलाड़ियों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने गुरुवार को अगले महीने ताजिकिस्तान के दुशांबे में होने वाले मैत्रीपूर्ण मैचों के लिए 29 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की। भारत अंडर-23 टीम 18 जून और 21 जून को क्रमशः दो मैचों में ताजिकिस्तान अंडर-23 और किर्गिज गणराज्य अंडर-23 टीमों का सामना करेगी जो सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है।

# टोटेनहम ने जीता यूरोपा लीग खिताब, 17 साल का सूखा खत्म

## खिताबी मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया



एजेंसी ▶▶ बिलबाओ

टोटेनहम ने बुधवार रात को मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीता और चार दशक से अधिक समय में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी हासिल की। इस तरह टोटेनहम का खिताब का सूखा आखिरकार खत्म हो गया। 2008 में इंग्लिश लीग कप जीतने के बाद टोटेनहम का पहला बड़ा खिताब है और 1984 में अपना दूसरा यूएफा कप जीतने के बाद यूरोपीय लीग में पहली जीत है। टोटेनहम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने पहले हाफ के अंत में विजयी गोल दागकर जीत सुनिश्चित की।जॉनसन ने कहा, 'इस क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। यह ट्रॉफी बहुत मायने रखती है। टोटेनहम एक अच्छी टीम है, लेकिन कभी भी जीत नहीं पाती। हमने जीत हासिल की।' इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]
**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **11/06/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स माहेश्वरी टेक्नोकास्ट लिमिटेड** डायरेक्टर- श्री प्रशांत मंत्री पुत्र श्री सुरेश मंत्री, प्रथम तल एसएस प्लाजा पावर हाउस रोड कोरबा छत्तीसगढ़-495677 (1) श्रीमती निर्मला मंत्री पत्नी श्री सुरेश मंत्री (2) श्रीमती कविता मंत्री पत्नी श्री. प्रशांत मंत्री | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित फ्रीहोल्ड खुली भूमि स्थित पीसी क्रमांक 39/16, खसरा क्रमांक 1076/2, 1076/3, तांडुला गांव-खेड़ामारा के पूर्व में जिला दुर्ग, क्षेत्रफलः 2.965 एकड़ चर्तुसीमाएं: उत्तर - ज्ञान कौर की जमीन, दक्षिण-राजकुमार की जमीन, पूर्व-तुलसी की जमीन, पश्चिम-जलवंती की जमीन, फ्लैट क्रमांक 154, 6वीं मंजिल **भौतिक कब्जा** | 01-03-2023 / 02-05-2023 / दि. 19/05/2025 को ₹ 27,80,412.89/- +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 64,00,000/- / ₹ 6,40,000/- / ₹ 10,000/- |
| | संपत्ति का समस्त भू भाग पेंट हाउस (बहुमंजिला आवासीय भवन) स्थित फ्लैट नं. 154, छठवीं मंजिल, सीएचपीएल-शिखर, गली क्रमांक 1-ए के पीछे, स्मृति नगर, जुनवानी भिलाई दुर्ग छ.ग. क्षेत्रफलः 1460 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: उत्तर-रोड, दक्षिण-लॉबी और फ्लैट क्रमांक 157, पूर्व-फ्लैट क्रमांक 153, पश्चिम-फ्लैट क्रमांक 155 **भौतिक कब्जा** | | ₹ 30,00,000/- / ₹ 3,00,000/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणी- **श्रीमती तसनीम बेगम पत्नी राशिद हुसैन** तस्नेम विला, पहली मंजिल, अमानाका पं. रविशंकर शुक्ला नगर, रायपुर- 492001 सहऋणी: (1) श्री फजल अब्बास पुत्र जुल्फिकार हुसैन (2) श्री राशिद हुसैन पुत्र जुल्फिकार हुसैन | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 382, 383/3, 384/2-क/18, (384/26/18), 383/5, प्लाट नं. 20, शीट नं. 9, पंडित ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड नं. 14, मौजा डुमरतालाब, पीएच नं. 104/35, आरएनएम रायपुर 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल – 2800 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: उत्तर- प्लाट नं. 205, दक्षिण-प्लाट नं. 203, पूर्व-10 फीट गली, पश्चिम-30 फीट रोड **सांकेतिक कब्जा** | 06-11-2024 / 08-01-2025 / दि. 19/05/2025 को ₹ 38,96,577.46/- +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 90,00,000/- / ₹ 9,00,000/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 10/06/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 11/06/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**
यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) या वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8057766078, 9755569030, 7905027805 7683068902, 9140476074, 8073562754)
स्थान : भोपाल दिनांक : 20-05-2025
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

फास्ट ट्रैक कोर्ट का फैसला

# सक्ती के राजा धर्मेंद्र को सात साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती



जिला पंचायत सदस्य व सक्ती रियासत के राजा धर्मेंद्र सिंह को दुष्कर्म मामले में 7 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य व सक्ती राजा धर्मेंद्र सिंह पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए सक्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने धर्मेन्द्र सिंह को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायालय फास्ट ट्रैक के न्यायाधीश गंगा पटेल ने संपूर्ण साक्ष्य एवं गवाहों के बयान उपरांत दोष सिद्ध पाए जाने पर धर्मेंद्र सिंह को धारा 376 के तहत 7 साल और धारा 450 के तहत 5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों ही धाराएं साथ-साथ चलेंगी। न्यायालय ने दोनों धाराओं में क्रमशः 10 हजार और 5 हजार रुपए के जुर्माने से भी दंडित किया है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर धारा 450 में 3 माह और धारा 373 में 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगताने दंडादेश जारी किया गया है।

### राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ने लिया था गोद

उल्लेखनीय है कि धर्मेंद्र सिंह को सक्ती रियासत के राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ने गोद लिया था। साल 2021 में विधिवत उनका राज्य अभिषेक भी हुआ था। हाल ही में राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का निधन के बाद राजघराने की जिम्मेदारी राजा धर्मेंद्र सिंह ने संभाली थी।

# पाकिस्तान से कहे तुर्किये सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान के सबसे बड़े मददगार बनकर उभरे तुर्किये को भारत ने जमकर खरी खोटी सुनाई। जिसमें यह कहा कि हमें उम्मीद है कि तुर्किये मजबूती के साथ पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करने के अलावा उसके पाले-पोसे हुए आतंकवादियों के संपूर्ण तंत्र के खिलाफ उचित कदम उठाते हुए विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। आपसी चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर संबंध बनते हैं। यह जानकारी गुरुवार को राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी।

# उप्र में आंधी-तूफान से 15 लोगों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात तेज आंधी और बारिश के कारण पेड़ उखड़ने तथा दीवार और खम्बे गिरने की घटनाओं में एक सिपाही समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी तथा अनेक अन्य जख्मी हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के मद्देनजर सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

# चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश, वायुसेना के एक कर्मी की मौत

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में बृहस्पतिवार को चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश करते समय वायुसेना के 27-वर्षीय एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), खगड़िया के थाना प्रभारी धनंजय कुमार के मुताबिक, मृतक कुणाल कुमार जिले के खटहा नगर परिषद क्षेत्र के निवासी थे। थाना प्रभारी ने कहा, ''वह बागडोगरा में तैनात थे। पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष समाप्त होने के बाद उन्होंने अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए छुट्टी मांगी थी। सात महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी।''



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com